# प्रेस नोट

## थाना बड़ागांव , जनपद झांसी

**दिनांक 27.05.2025**

- पिता की लाइसेंसी बन्दूक से हर्ष फायर करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार।
- लाइसेंसी बंदूक S.B.B.L. 12 बोर बरामद।

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 27.05.2025 को थाना बड़गांव पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को 01 अदद लाइसेंसी सिंगल बैरल बन्दूक S.B.B.L. 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा दिनांक 21.05.2025 को भतीजा पैदा होने की खुशी में पिता की लाइसेंसी बन्दूक से हर्ष फायर किया गया था। फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त –** राहुल कुमार पुत्र आशाराम निवासी ग्राम गांधीनगर थाना बड़ागांव जनपद झांसी।

**गिरफ्तारी का स्थान दिनांक –** 27.05.2025 ग्राम गांधीनगर थाना बड़ागांव ,जनपद झांसी।

**बरामदगी का विवरण -** 01 अदद लाइसेंसी सिंगल बैरल बन्दूक S.B.B.L. 12 बोर।

**पुलिस टीम –** थाना प्रभारी बड़ागांव मय पुलिस टीम।